गंगापुर सिटी में बारिश जारी, जलस्रोतों में पानी की आवक बढ़ने की उम्मीद

बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई

गंगापुर सिटी, (निसं)। गंगापुर सिटी में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी बारिश हुई। सुबह करीब 5.30 बजे से शुरू होकर यह बारिश रुक-रुककर सुबह नौ बजे तक जारी रही। इस दौरान गंगापुर सिटी में 71 मिमी (करीब तीन इंच) और तलावड़ा में 81 मिमी (सवा तीन इंच) वर्षा दर्ज की गई। इससे पहले गुरुवार को भी गंगापुर सिटी में अच्छी बारिश हुई थी। गुरुवार सुबह करीब 7 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक कभी तेज तो कभी हल्की वर्षा का सिलसिला चला। शाम तक रुक-रुककर फुहारें गिरती रहीं। गुरुवार शाम चार बजे तक गंगापुर सिटी में कुल 68 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। बारिश से तालाबों, जोहड़ों और अन्य जलस्रोतों में भी पानी की आवक बढ़ने की उम्मीद है।

गंगापुर सिटी में बारिश से शहर की सड़कें जलमग्न हो गई।

- गंगापुर सिटी में करीब तीन इंच और तलावड़ा में सवा तीन इंच वर्षा दर्ज की गई
- सावन माह में हुई इस वर्षा से खेतों में नमी बढ़ी, खरीफ फसलों को मिलेगा लाभ

लगातार दो दिनों की बारिश से पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली है। वर्षा के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। हालांकि, सुबह बारिश के दौरान सड़कों और बाजारों में आवाजाही प्रभावित हुई। कामकाज के लिए घरों से निकले लोगों को जलभराव और फिसलन के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। नया बाजार, फव्वारा चौक, उदेई मोड़, सालौदा और ईदगाह सहित कई क्षेत्रों की सड़कों पर पानी जमा हो गया। जल निकासी की अपर्याप्त व्यवस्था के कारण पानी काफी देर तक सड़कों पर भरा रहा।

इस जलभराव से दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर दोपहिया वाहन पानी में बंद हो गए, जिन्हें चालकों को धक्का लगाकर निकालना पड़ा। यह बारिश किसानों के लिए भी राहत लेकर आई है। सावन माह में हुई इस वर्षा से खेतों में नमी बढ़ी है, जिससे खरीफ फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि लंबे इंतजार के बाद हुई यह बारिश फसलों की वृद्धि के लिए फायदेमंद साबित होगी।

पार्क में खेलने गई आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म

श्रीगंगानगर, (निसं)। यहां झूला झूलने के लिए घर से निकली 8 साल की बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। बच्ची पार्क में अचेत अवस्था में मिली। परिजन उसे पहले स्थानीय सरकारी हॉस्पिटल ले गए, जहां से गंभीर हालत में श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट और बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- परिजन बच्ची को पहले स्थानीय सरकारी हॉस्पिटल ले गए, जहां से गंभीर हालत में श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया

पुलिस के अनुसार, बच्ची घर से पार्क में खेलने और झूला झूलने गई थी। शाम करीब 3:30 बजे एक रिश्तेदार ने परिवार को सूचना दी कि बच्ची पार्क में बेहोश पड़ी है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे सरकारी हॉस्पिटल लेकर गए। डॉक्टरों ने बच्ची का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे श्रीगंगानगर रेफर कर दिया। फिलहाल बच्ची का इलाज जारी है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी रिपोर्ट में आरोप लगाया कि बच्ची को नशीला पदार्थ देकर उसके साथ रेप किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी इलाके का ही रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी बोल और सुन सकता है, लेकिन उसे गूंगा कहा जाता है। पदमपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले की जांच श्रीगंगानगर के डीएसपी कैलाशदान की निगरानी में की जा रही है।

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान को उपभोक्ता अदालत का नोटिस

कोटा, (निसं)। कोटा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने एक बड़े मामले में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता आमिर खान को नोटिस जारी कर 18 सितंबर 2026 को अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। यह मामला फर्जी उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री और सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट की जवाबदेही से जुड़ा है।

- स्नेपडील ऑनलाइन कंपनी द्वारा कथित फर्जी सामान बेचने का मामला

अधिवक्ता अशपाक अंसारी और अधिवक्ता रिपु दमन सिंह ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला वर्ष 2019 का है। शिकायतकर्ता और अधिवक्ता इन्दमोहन सिंह हना ने ऑनलाईन शॉपिंग प्लेटफॉर्म स्नैपडील पर वुडलैंड कंपनी के बेल्ट और वॉलेट का आकर्षक विज्ञापन देखकर ऑर्डर किया था। जब सामान प्राप्त हुआ, तो वह पूरी तरह नकली था। इन्द्र मोहन सिंह ने जब इस सामान की जांच अधिकृत वुडलैंड शोरूम पर कराई, तो शोरूम प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि उक्त सामान नकली है। अधिवक्ताओं ने आगे बताया कि इस संबंध में परिवादी इंद्र मोहन सिंह द्वारा गुमानपुरा थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। पुलिस द्वारा अंतिम रिपोर्ट पेश कर दी गई। जिसके बाद इंद्र मोहन सिंह ने न्यायालय में प्रोटेस्ट पिटीशन दायर की।

हाल ही में, उपभोक्ता अदालत में चल रहे परिवाद में एक संशोधित परिवाद पेश किया गया। जिसमें स्नैपडील कंपनी के मालिक कुणाल बहल, रोहित बंसल के साथ-साथ कंपनी के पूर्व ब्रांड एंबेसडर आमिर खान को भी प्रतिवादी बनाया गया है। न्यायालय ने इस परिवाद को स्वीकार करते हुए सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। शिकायतकर्ता अधिवक्ता इन्द्र मोहन सिंह हनी ने इस संबंध में कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि बड़े-बड़े सेलिब्रिटी करोड़ों रुपये के विज्ञापन लेकर फर्जी कंपनियों, हानिकारक पान मसालों और सट्टेबाजी जैसे उत्पादों का प्रचार करते हैं। उन्हें यह आभास नहीं होता कि इसके परिणाम कितने गंभीर हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी 2024 में अपने ऐतिहासिक निर्णय में स्पष्ट किया है कि सेलिब्रिटी अपने विज्ञापनों के लिए स्वयं जिम्मेदार हैं। इसी कानूनी आधार पर हमने न्यायालय से आमिर खान को भी इस मामले में पक्षकार बनाने का निवेदन किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। अब 18 सितंबर 2026 को आमिर खान, कुणाल बहल और रोहित बंसल को अदालत में अपना पक्ष रखना होगा।

भरतपुर में बारिश से कई इलाकों में जलभराव

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर में शुक्रवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली और शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया। सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए हुए थे, जिसके बाद दोपहर में रिमझिम बारिश होने से लोगों को उमस और गर्मी से बड़ी राहत मिली।

बारिश से किसानों के चेहरों पर भी खुशी देखने को मिली। जिले में खरीफ फसलों की बोई हुई है और खेतों में फसल अच्छी स्थिति में खड़ी है। बारिश से फसलों को पर्याप्त पानी मिलने की उम्मीद है, जिससे उत्पादन बेहतर होने की संभावना जताई जा रही है। खेत-खलिहान पानी से लबालब नजर आ रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश को कृषि के लिए काफी लाभदायक माना जा रहा है। हालांकि, लगातार हो रही बारिश का असर शहर की व्यवस्थाओं पर भी दिखाई दिया। भरतपुर के कई निचले इलाकों, कॉलोनियों और बाजारों में जलभराव की स्थिति बन गई। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी जिले में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

भारी बारिश के चलते भरतपुर जिले में आज विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में अवकाश

भरतपुर, (निसं)। जिले में हो रही अत्यधिक वर्षा एवं मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर जिला कलैक्टर कमर चौधरी ने जिले के समस्त सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में शनिवार, 8 अगस्त को एक दिवस का अवकाश घोषित किया है। जिला कलैक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में संचालित कक्षा प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 8 अगस्त को अवकाश रहेगा। इसके साथ ही जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी एक दिवस का अवकाश रहेगा।

- विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर जिला कलैक्टर ने आदेश जारी किए

आदेशानुसार जिले में लगातार हो रही भारी बारिश तथा मौसम विभाग की चेतावनियों को देखते हुए विद्यार्थियों को आवागमन के दौरान संभावित जोखिम से बचाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। शिक्षण एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति यथावत रहेगी। अवकाश केवल विद्यार्थियों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने वाले लाभार्थियों के लिए रहेगा। विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का समस्त स्टाफ पूर्व की भांति अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेगा। जिले के समस्त संस्था प्रधानों एवं संबंधित अधिकारियों को आदेश की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी शिक्षण संस्था द्वारा निर्धारित अवकाश अवधि में विद्यालय का संचालन किया गया अथवा आदेश की अवहेलना की गई तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के लूणी स्टेशन के पास सलताना में ट्रेन से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड से युवक की पहचान हुई। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। रेलवे पुलिस बल की लूणी चौकी के रमेश मीणा ने बताया कि युवक की पहचान गोपाल सिंह (44) पुत्र हड़वंत सिंह निवासी राजपूतों का बास, रानीवाड़ा जालोर के रूप में हुई है। वह ट्रेन नंबर 19407 (साबरमती एक्सप्रेस) से सफर कर रहा था। ट्रेन से कैसे गिरा, इसके बारे में पता नहीं लग पाया है।

भीलवाड़ा के पास चंद्रभागा नदी में अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई

भीलवाड़ा, (निसं)। अवैध बजरी खनन और इसके अवैध परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भीलवाड़ा जिले की गंगापुर थाना पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए देर रात खांखला गांव के पास चंद्रभागा नदी के पेटे में चल रहे अवैध बजरी खनन के काले कारोबार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से बजरी भर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, माफियाओं द्वारा एस्कॉर्ट में इस्तेमाल की जा रही एक स्कॉर्पियो गाड़ी और 3 मोटरसाइकिलों को जब्त किया है। वहीं मौके से एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गठित विशेष पुलिस टीम ने गुप्त आसूचना के आधार पर यह कार्रवाई की।

- पुलिस टीम ने रेड डालकर ट्रैक्टर-ट्रॉली, एस्कॉर्ट स्कॉर्पियो व तीन बाइक जब्त की
- अचानक रेड से माफिया के गुर्गे भागने लगे, पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी को दबोचा

जानकारी के अनुसार हैड कांस्टेबल नेतराम मय जाब्ता जब देर रात गश्त पर थे, तभी उन्हें चंद्रभागा नदी के ग्राम खांखला क्षेत्र में संगठित गिरोह द्वारा अवैध बजरी खनन की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने रात करीब दो बजे चंद्रभागा नदी में दबिश दी। उस समय माफिया गिरोह बेखौफ होकर नदी से बजरी का अवैध दोहन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोड कर रहा था। पुलिस की अचानक रेड से मौके पर हड़कंप मच गया और माफिया के गुर्गे भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके पर बजरी भरते हुए, 1 स्कॉर्पियो गाड़ी माफिया द्वारा पुलिस की निगरानी व एस्कॉर्ट हेतु प्रयुक्त और 3 मोटरसाइकिलें गिरोह के सदस्यों द्वारा इस्तेमाल की जा रही थी, उसे जब्त किया गया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से जगदीश जाट (26), पिता प्यारचंद जाट, निवासी उल्लाई थाना गंगापुर, जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि यह गिरोह एक संगठित नेटवर्क के रूप में काम कर रहा था। गंगापुर पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी जगदीश जाट को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल कर लिया है।

थानाधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपी से गिरोह के अन्य सरगनाओं, अवैध बजरी के खरीदारों और एस्कॉर्ट में शामिल अन्य गाड़ियों के चालकों के संबंध में कड़ाई से अनुसंधान किया जा रहा है। एसपी सागर राणा ने सख्त लहजे में कहा है कि जिले में बजरी माफिया को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

बजरी भरे सात ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

भीलवाड़ा, (निसं)। बीगोद थाना पुलिस टीम ने अवैध खनिज बजरी से भरे सा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार बीगोद थाना पुलिस टीम छह अगस्त को अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम के लिए गश्त पर रवाना हुई थी। गश्त के दौरान सिंगोली की तरफ से ग्राम देवलिया की ओर आ रहे रोड पर बजरी से भरी हुई सात ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रोका गया और चेकिंग के बाद सभी वाहनों को डिटेन कर जब्त कर लिया गया। पुलिस की पड़ताल में सामने आया कि ये ट्रैक्टर चालक और मालिक गिरोह बनाकर लंबे समय से अवैध बजरी का उत्खनन और परिवहन कर रहे थे। अवैध बजरी परिवहन में लिप्त ट्रैक्टर चालकों, मालिकों एवं उनके सहयोगियों के खिलाफ बीगोद थाने में मामला दर्ज किया गया है।

सरकार ब्यावर जिले के विकास को लेकर संवेदनशील है : मंत्री अविनाश गहलोत

जयपुर/ब्यावर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने ब्यावर में जिला प्रगति प्रदर्शनी का शुभारंभ करने के बाद पत्रकार वार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए ब्यावर जिले में पिछले तीन वर्षों में हुए विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी साझा की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की। स्थानीय विधायक शंकर सिंह रावत ने भी अपने विधानसभा क्षेत्र समेत पूरे जिले में हुए अभूतपूर्व विकास यात्रा की झांकी प्रस्तुत की।

- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने ब्यावर में जिला प्रगति प्रदर्शनी का शुभारंभ किया

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने ब्यावर के विकास के संबंध में राज्य सरकार के विजन को पत्रकार वार्ता में सामने रखा।

मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ब्यावर जिले के विकास को लेकर संवेदनशील है। जिले की आवश्यकताओं और स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ब्यावर जिले के विकास को नए पंख लगेंगे और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ जिले के विकास की गति को और तेज किया जाएगा। शंकर सिंह रावत ने कहा कि जिले के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए जनप्रतिनिधि, प्रशासन और आमजन मिलकर प्रयास करेंगे। सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा,नगरीय सुविधाओं सहित आधारभूत आवश्यकताओं को मजबूत करने के लिए समन्वित प्रयास किए जाएंगे ताकि विकास का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच सके।

पत्रकार वार्ता में जिला कलैक्टर कमल राम मीना ने मिनी सचिवालय की प्रस्तावित योजना एवं विकास रोडमैप से मीडिया प्रतिनिधियों को रूबरू करवाया। उन्होंने मिनी सचिवालय के लिए प्रस्तावित विकास कार्यों, आवश्यक आधारभूत सुविधाओं एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप किए जाने वाले निर्माण एवं विस्तार कार्यों की जानकारी दी। जिला कलैक्टर ने बताया कि मिनी सचिवालय को आने वाले वर्षों की प्रशासनिक एवं जनसंख्या संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सुव्यवस्थित, आधुनिक एवं सुविधायुक्त विकसित करने की योजना तैयार की गई है। इसमें विभिन्न विभागों के कार्यालयों के लिए आवश्यक स्थान, आमजन के आवागमन एवं सुविधा, पार्किंग, आधारभूत सुविधाओं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समाहित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मिनी सचिवालय का विकास केवल वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक विकास की आधारशिला तैयार की जाएगी। इससे जिला मुख्यालय पर विभिन्न विभागीय सेवाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने तथा आमजन को एक ही परिसर में अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

ट्रेन की चपेट से युवक की मौत

कोटा, (निसं)। बोरखेडा थाना इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से एक 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नरेन्द्र कुमार गुरूवार रात्रि को खाना खाकर हर रोज की तरह पैदल घुमने गये थे, जहां रेलवे ट्रैक के पास घूमते समय नरेन्द्र कुमार की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई, सूचना पाकर बोरखेड़ा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतक की शिनाख्त आदित्य नगर निवासी नरेन्द्र कुमार (45) के रूप में हुई। मृतक निजी स्कूल में कार्यारत था। बोरखेड़ा थाने की एसआई ज्यौती मौर्य ने बताया कि मामले मे सामने आया कि ग्रामीण पुलिस लाईन के पास आदित्य नगर निवासी नरेन्द्र कुमार गुरूवार रात्रि को खाना खाने के बाद टहलने के लिये निकले थे। एसआई ने बताया कि मृतक की शिनाख्त होने के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

अजमेर में आठ फर्मों से 75 हजार रुपये का जुर्माना वसूला

अजमेर, (निसं)। उपभोक्ता मामले एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार विधिक माप विज्ञान विभाग के विशेष जांच दल ने अजमेर जिले में तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाकर माप-तौल एवं पैक्ड वस्तुओं से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने वाली 8 फर्मों के विरुद्ध कार्रवाई की। अभियान के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित फर्मों से कुल 75 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

- विधिक माप विज्ञान ने जांच अभियान में माप-तौल नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की

विभाग द्वारा यह कार्रवाई विधिक माप विज्ञान (पैक्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 के तहत की गई। जांच के दौरान कई प्रतिष्ठानों पर असत्यापित नाप-तौल उपकरणों का उपयोग, पैक्ड कमोडिटी पंजीकरण का अभाव तथा सही माप-तौल नहीं होने जैसी अनियमितताएं सामने आईं। विशेष जांच दल ने केशरीमल माणकचंद राठी (मदनगंज), पल्प पेक इंडिया (खोड़ा गणेश रोड), शिवम ट्रेडर्स (साहू मसाला), मुख्य बाजार किशनगढ़, टीआर प्रोडक्ट्स (सोमलपुर), जैन नमकीन (बकरा मंडी रोड, सोमलपुर), आरके प्रोडक्ट्स (सोमलपुर), सतगुरु फूड प्रोडक्ट (पालरा) तथा सुरक्षा पेंट (पालरा) सहित कुल आठ फर्मों का निरीक्षण किया। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर इन फर्मों से जुर्माना वसूला गया तथा आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के लिए नोटिस भी जारी किए गए।

विभाग ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा, माप-तौल में पारदर्शिता बनाए रखने तथा व्यापारिक गतिविधियों में नियमों की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऐसे विशेष अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाएंगे। इस विशेष जांच दल में सहायक नियंत्रक भावना दयाल, विधिक माप विज्ञान अधिकारी महिपाल सिंह राठौड़ तथा महेन्द्र चौधरी शामिल रहे।

फतहसागर झील में बुजुर्ग का शव मिला

उदयपुर, (का.सं.)। उदयपुर की फतहसागर झील में शुक्रवार को एक बुजुर्ग का तैरता हुआ शव मिला है। आसपास के लोगों ने जब फतहसागर पाल के किनारे झील में शव को तैरते देखा तो तुरंत अंबामाता थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सिविल डिफेंस की टीम ने कुछ ही देर में शव को पानी से बाहर निकाला और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने शव को एमबी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवा दिया है। सिविल डिफेंस टीम के कैलाश मेनारिया ने बताया कि मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के अनुसार उसकी पहचान यूसुफ अली हुसैन निवासी बी.ब्लॉक, हयात मेंशन,न्यू अश्विनी बाजार के रूप में हुई है। अंबामाता थाने के एएसआई राजेंद्र सिंह झाला ने बताया कि बुजुर्ग के पानी में डूबने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

दुपहिया वाहन चोर गिरफ्तार, बाइक बरामद

कोटा, (निसं)। बोरखेडा थाना इलाके में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान कार्यवाही करते हुए दुपहिया वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने पकड़े गये आरोपी से चोरी की बाइक बरामद की है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 24 दिसम्बर 2024 को फरियादी ने बोरखेड़ा थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि बाइक को घर के बाहर खड़ा किया, थोडी देर बाद देखा तो बाइक घर के बाहर नहीं थी। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। शहर एसपी ने बताया कि बोरखेडा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में मय जाप्ता टीम द्वारा इलाके में नाकाबंदी कर चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस नाकाबंदी के दौरान टीम ने कार्यवाही करते हुए जिला बारां के नया मोहल्ला डुगरी रास्ता छीपाबड़ौद निवासी लोकेश कुमार (36) को गिरफ्तार किया, आरोपी से चोरी की बाइक बरामद की। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

दो जुआरी गिरफ्तार, नगदी जब्त : चूरू में पुलिस थाना सालासर की टीम ने दो जुआरियों को गिरफ्तार करके सट्टा रकम 3,2410 रुपए तथा एक स्कार्पियो वाहन जब्त किया है।थानाधिकारी पुलिस थाना सालासर शंकरलाल भारी पु.नि. के नेतृत्व में सालासर पुलिस टीम ने जुआ खेलने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ताराचन्द पुत्र राजुराम मेघवाल निवासी खारिया कनीराम, पुलिस थाना सालासर, जिला चूरू और लोकेश पुत्र छोटूराम मेघवाल निवासी खारिया कनीराम, पुलिस थाना सालासर, जिला चूरू को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से सट्टा राशि 3,2410 रुपए तथा एक स्कार्पियो वाहन बरामद कर प्रकरण दर्ज किया गया।

दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा सुनाई

कोटा, (निसं)। नाबालिग से दुष्कर्म के दो साल से अधिक पुराने मामले में पॉक्सो क्रम-2 न्यायालय ने पकड़े गये आरोपी को दोषी मानते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। विशिष्ट लोक अभियोजक वीरेन्द्र सिंह भानावत ने बताया कि नाबालिग पीड़िता ने 3 जुलाई 2024 को शहर के एक थाने में शिकायत दी। शिकायत में कहा सोशल मीडिया के माध्यम से एक युवक के साथ मित्रता हुई। शिकायत में कहा कि 27 अप्रैल 2024 को युवक ने उसे होटल में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत में कहा कि युवक डरा-धमका कर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले में अनुसंधान कर आरोपी के खिलाफ चालान पेश किया। मामलें में 22 गवाहों के बयान दर्ज करवाये गये।

महिला ने आत्महत्या की

जोधपुर, (कासं)। शहर के मथानिया पुलिस थाना क्षेत्र में वैष्णव कॉलोनी में रहने वाली एक विवाहिता ने अपने ससुराल में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। उसके पिता की तरफ से फिलहाल मर्ग में रिपोर्ट दी गई है। मथानिया पुलिस ने बताया कि मोटाई चाखू फलोदी निवासी बलवीरसिंह ने रिपोर्ट दी है। इसमें उसने बताया कि उसकी पुत्री 28 वर्षीय खेतुकंवर की शादी मथानिया के वैष्णव कॉलोनी निवासी देवीसिंह के साथ हो रखी थी। इन दिनों खेतुकंवर अपने ससुराल में ही थी। उसने किसी कारणवश ससुराल में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मथानिया पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव परिजन को सुपुर्द किया।

यौन शोषण का मामला दर्ज

जोधपुर, (कासं)। जिला पश्चिम में एक महिला को उसके बहनोई द्वारा नौकरी लगवाने का झांसा देकर यौन शोषण किए जाने का प्रकरण पुलिस में दर्ज हुआ है। पीड़िता का पति से अनबन होने की बात सामने आई है। पीड़िता ने बहनोई को नामजद कर केस दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने रिपोर्ट दी कि उसकी अपने पति से अनबन के चलते वह अपने पीहर में ही रह रही है। कुछ दिनों पूर्व उसके बहनोई ने नौकरी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया। उसके बाद वह लगातार यौन शोषण करने लगा। आरोपी बहनोई ने उसके जेवरात और रूपए भी नौकरी दिलवाने के नाम पर हड़प लिए। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया है। अग्रिम जांच जारी है।